हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 22 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 22.3 डिग्री

11 सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी में जैन हेरिटेज विजेता ...


12 सेक्टरों की सड़कों की मरम्मत पर 530.27 ...


दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AWAS YOJNA
(Under Affordable Plotted Housing Policy 2016, Govt. of Haryana)

## 2/3 BHK LUXURY FLOORS
IN RERA APPROVED TOWNSHIP

GURGAON MOST PROMISING ADDRESS SECTOR-35, SOUTH OF GURUGRAM
33% RESERVED FOR WOMEN & GOVT. EMPLOYEES




## Pay ₹31,000 for Registration
Amount is Fully Refundable to unsuccessfull applicants

26th SEPTEMBER IS THE LAST DAY OF REGISTRATION

Unit Allocation Date
2nd October 2025 (Thursday)

### PAYMENT PLAN

| Type | Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. mtr.) | Registration Amount | Payment Within 5 Days | Payment Within 15 Days | 10% Within 30 Days | 20% Within a Month | 60% On Possession | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3BHK+3T | 1503 | 139.63 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 12,69,000 | ₹ 18,00,000 | ₹ 36,00,000 | ₹ 1,08,00,000 | ₹ 1,80,00,000 |
| 3BHK+2T | 1215 | 112.87 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,19,000 | ₹ 14,50,000 | ₹ 29,00,000 | ₹ 87,00,000 | ₹ 1,45,00,000 |

Any other charges levied by the Govt. & GST as applicable*
ATS to be executed after completion of 30% of payment

Most Trusted | Quality Construction | Timely Possession | Excellent Customer Service | Great Partnerships | Reputed | Transparent

### ADVANTAGES
- Bang on Gurgaon - Sohna Expressway
- In Close Vicinity of 15000+ upcoming residential Units
- Close to Educational Hub and Schools like GD Goenka World School, K.R. Manglam, SCJ Academy etc.
- 30 Mins Drive from IGI Airport
- 20 Mins Drive from Cyber City
- 7 Mins Drive from Proposed Metro Rail Corridor
- 15 Mins Drive from Rajiv Chowk

### SPECIFICATIONS
- Modular Kitchen - Chimney - HOB
- 1 Room Fully Furnished for Kids - AC in All Rooms
- Geyser (All Washrooms & Kitchen)
- Wardrobes in All Rooms
- Wooden Flooring in Master Bedroom
- False Ceiling in All Rooms
- 1 Year Maintenance Included

### AMENITIES

Basketball Court

Yoga Lawn

kids Play Area

Badminton Court

Outdoor Gym

Club House

## For Online Registration
www.haryanadeendayalawasyojna.com
Call: +91-92112-82697

Scan QR Code with Google lens For Online Registration

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़े के तहत लगाया रक्तदान शिविर

**रोहतक।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों के तहत देशभर में पार्टी स्वयं संगठन और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से रक्तदान शिविरों का आयोजन करवा रही है। इसी कड़ी में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह मेमोरियल ट्रस्ट खरक जाटान, ने रक्तदान शिविर लगाया और राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। सैंकड़ों युवाओं ने रक्तदान कर जरूरत मंद लोगों को जीवनदान देने का पुण्य कार्य किया। उपस्थित युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा रक्तदान से स्वास्थ्य बेहतर होता है और इससे युवा, समाज के अन्य व्यक्तियों को जीवनदान दे सकते हैं।

### अंगदान जागरूकता शिविर का आयोजन

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में एप्रोच रोड,नजदीक रेलवे स्टेशन पर आयोजित अंगदान जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल, पीजीआईएमएस निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल और रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान संदीप गर्ग उपस्थित हुए।
इस अवसर पर राजेश जैन ने कहा कि अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, जिसके लिए कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल और उनकी टीम बधाई की पात्र है।

### भगवान अग्रसेन एक विकसित सोच के प्रतीक

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन चौक पुरानी अनाज मंडी के प्रांगण में महाराजा अग्रसेन मंडल भाजपा ने महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में पूजन-आरती व माल्यार्पण कार्यक्रम संपन्न किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मेयर मनमोहन गोयल उपस्थित रहे जबकि जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका का सानिध्य मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा ने की । इस अवसर पर मनमोहन गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक विराट सोच के प्रतीक है वह सोच जो व्यापार के संग-संग समाज के हित की बात करती है, जो समाज के सर्वांगीण विकास की बात करती है। समाज के हित के हर पहलू को अपने पैसे, अपनी शक्ति अपने अनुशासन से सिंचित करती है उन्होंने आगे कहा कि महाराजा अग्रसेन का सिद्धांत 'एक रुपया-एक ईंट' समृद्धशाली समाजवाद का प्रतीक है।

# दो नवम्बर को कुरुक्षेत्र में सफाई व सीवर कर्मियों की महारैली होगी, सरकार को दिया अल्टीमेटम

*सम्मेलन में लिया फैसला, मांगे न मानीं तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव, चेतावनी दी कि यदि मांगों को नजरअंदाज किया तो इस बार होगी आर-पार की लड़ाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा प्रदेश के सभी सरकारी, अर्धसरकारी विभागों, निगम-बोर्ड, कॉरपोरेशन, विश्वविद्यालयों, पंचायतों, नगरपालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों, लघु उद्योगों, सोसाइटीज, शॉपिंग मॉल और निजी स्तर पर कार्यरत सफाई व सीवर कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से 2 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में महारैली आयोजित करने का फैसला लिया है। यदि सरकार ने तब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया, तो कर्मचारी सीधे रैली के मंच से मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगे। यह निर्णय रविवार को वाल्मीकि सामुदायिक भवन, पुराना बस स्टैंड में आयोजित राज्य स्तरीय संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान बसाऊ राम, उपाध्यक्ष पूनम, शिक्षा विभाग पार्ट टाइम यूनियन के प्रधान तेजराम तथा ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के प्रधान मुकेश टांक ने संयुक्त रूप से की। संचालन महासचिव मांगे राम तिगड़ा, उप महासचिव सुनील चंडालिया तथा देवीराम ने किया। सम्मेलन में गुरुग्राम के 3480 तथा सोनीपत के 900 कर्मचारियों सहित सभी छंटनीग्रस्त कर्मियों को ड्यूटी पर लेने और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई वापस ली जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 28 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक जिला स्तर पर भगवान वाल्मीकि जयंती मनाते हुए सभी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष को मजबूत करेंगे। इस दौरान सफाई व सीवर कर्मियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य प्रधान पूनम रत्ती ने किया। सम्मेलन में सर्व कर्मचारी संघ और सीटू ने सफाई कर्मियों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया और कहा कि यह लड़ाई मजदूर वर्ग की अस्मिता की लड़ाई है।



**रोहतक।** सम्मेलन को सम्बोधित करते नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री। फोटो : हरिभूमि


**रोहतक।** सम्मेलन में मौजूद सर्व कर्मचारी संघ,सीटू व सफाई कर्मी।

#### मुख्य वक्ताओं का हमला

मुख्य वक्ता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट, सीआईटीयू की राज्य प्रधान सुरेखा, महासचिव जयभगवान और सीटू अध्यक्ष सतबीर सिंह ने सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि निजीकरण और नवउदारवादी नीतियों ने सफाई व सीवर कर्मियों को गरीबी और भूखमरी के कगार पर ला खड़ा किया है। स्वच्छ भारत अभियान की बात करने वाली सरकार ने अब तक सफाई कर्मियों की स्थायी भर्ती की कोई नीति नहीं बनाई। पिछले 11 वर्षों में एक भी स्थायी भर्ती न होना घोर अन्याय है।

#### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाए और 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की स्थायी भर्ती हो। सभी कच्चे कर्मचारियों को एक कलम से नियमित किया जाए। 24 नवम्बर 2024 को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26,000 और 27,000 रुपए वेतन का एरियर सहित भुगतान किया जाए। डोर-टू-डोर कचरा उठाने वालों और ठेका कर्मियों को 26,000 वेतन मिले। निजी क्षेत्र में लगे सफाई कर्मियों के लिए भी यही वेतनमान तय हो और श्रम कानूनों की सख्ती से पालना हो। ऐप से हाजिरी लगाने का आदेश वापस लिया जाए। नियमित सफाई कर्मियों का वेतनमान ग्रुप-सी के समान हो। गुरुग्राम, मानेसर, सोनीपत सहित छंटनीग्रस्त कर्मचारियों को बहाल किया जाए। 10वीं, 12वीं, स्नातक व परास्नातक डिग्रीधारक सफाई कर्मियों को पदोन्नति का अधिकार मिले।

#### दलित विरोधी रवैये का आरोप

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव मांगे राम तिगड़ा और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के राज्य प्रधान बसाऊ राम ने कहा कि सरकार का रवैया दलित विरोधी है। अब सफाई कर्मचारी और शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे। सभी विभागों में कार्यरत सफाई कर्मचारी मिलकर आंदोलन को तेज करेंगे।

## शहर में गंदे पानी की सप्लाई पर जागा प्रशासन

# पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के 30 तक समाधान के आदेश जारी

**ऑपरेटर इंचार्ज राजबीर का मोबाइल नंबर 99917-15764**
**ऑपरेटर इंचार्ज अमन का मोबाइल नंबर 93067-71006**

यहा से आ रहीं थी शिकायतें: लाढ़ौत रोड, सुखपुरा, शास्त्री नगर, गोहाना रोड, हनुमान कॉलोनी, सुनारियां चौक, श्री राम नगर कॉलोनी, डीएलएफ कॉलोनी, गुरुनानकपुरा, अशोक नगर, गोहाना अड्डा आदि में गंदे पानी की सप्लाई आ रही है। जिसका समाधान नहीं हो पा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की दर्जनों कॉलोनियों में गंदे पानी की सप्लाई आ रही है। इसके अलावा अधिकतर कॉलोनियों में एक ही समय पानी दिया जा रहा है। जिसकी शिकायतें रोजाना जन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य अधिकारियों को की गई। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का समाधान 30 सितंबर तक करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त रविवार को अपने कैंप कार्यालय में पेयजल आपूर्ति को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस भी क्षेत्र से गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत मिल रही है, वहां पर तुरंत प्रभाव से जांच टीम पहुंचकर जांच कर रही है। मिलावट पाये जाने पर तुरंत समस्या का समाधान किया जा रहा है। अगर किसी क्षेत्र में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत है तो संबंधित क्षेत्र के नागरिक जिला केमिस्ट के मोबाइल नंबर 89013-88358 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए आपरेटर तक के मोबाइल नम्बर आमजन के लिए जारी करवा दिए हैं, जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। स्वच्छ एवं समुचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता- पेयजल आपूर्ति के लिए समय किया गया निर्धारित- नोडल प्रभारियों के जारी किए गए मोबाइल नंबर- गंदा पानी आने पर जिला केमिस्ट के मोबाइल नंबर पर दर्ज करवाएं नागरिक अपनी शिकायतें।




#### नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए

सचिन गुप्ता ने कहा कि लोगों को स्वच्छ एवं समुचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसलिए आपूर्ति से संबंधित शिकायत मिलने पर उसका तुरंत समाधान किया जाए। पेयजल से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के लिए क्षेत्र वाइज नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और आपूर्ति का समय भी निर्धारित किया गया है। डीएलएफ कॉलोनी, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सुभाष नगर, खोखरा कोट एरिया, प्रेम नगर, शास्त्री नगर, जाट कॉलेज एरिया, आर्य नगर, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मॉडल टाउन, तिलक नगर, शीला बाईपास, सनसिटी, अशोक कॉलोनी नजदीक गोहाना अड्डा व गांधी कैंप के लिए मयंक व भूदेव को नोडल प्रभारी बनाया गया है।

#### सप्लाई का समय निर्धारित किया

15 कॉलोनियों की पेयजल आपूर्ति का समय भी निर्धारित किया गया है। डीएलएफ कॉलोनी के पार्ट 1 पार्ट 2 में क्रमशः प्रातः 5 बजे व प्रातः 9 बजे पेयजल आपूर्ति होगी। इसी प्रकार से ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व सुभाष नगर के लिए प्रातः 5 बजे जलापूर्ति की जाएगी। खोखरा कोट एरिया व प्रेम नगर क्षेत्र के लिए प्रातः 6:30 व 7 बजे पेयजल आपूर्ति होगी। शास्त्री नगर व जाट कॉलेज एरिया के लिए प्रात 2:45 व 5 बजे आपूर्ति होगी। आर्य नगर क्षेत्र के लिए प्रातः 9 बजे व मॉडल टाउन क्षेत्र के लिए प्रातः 5 बजे आपूर्ति की जाएगी। इसी प्रकार से तिलक नगर व शीला बाईपास क्षेत्र के लिए क्रमशः प्रातः 4:30 व 5 बजे जलापूर्ति होगी।

#### नागरिक इन नंबरों पर दर्ज करवाएं अपनी शिकायत

सचिन गुप्ता ने बताया कि जुलाहा चौक बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज जगदीश के मोबाइल नंबर 94161-10540, प्रधान मोहल्ला बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज राजकुमार के मोबाइल नंबर 99923-09030 गोहाना अड्डा बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज राज सिंह के मोबाइल नंबर 64676-04345, प्रेम नगर बुस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज नितिन के मोबाइल नंबर 79883-66801 तथा मातूराम कम्युनिटी सेंटर बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज बृजपाल के मोबाइल नंबर 92534-45541 पर संपर्क कर सकते हैं। जल घर नंबर दो के इंचार्ज मयंक के मोबाइल नंबर 94162-01962 पर संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि शुगर मिल कॉलोनी बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज राहुल शर्मा व सुरेंद्र कुमार के मोबाइल नंबर क्रमशः 90505-01681 व 99920-09023 पर संपर्क किया जा सकता है। आईटीआई बुस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज मनोज कुमार व सतीश के मोबाइल नंबर 99925-23780 व 95404-32086 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार से एचएसआईडीसी बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज राजपाल व जयवीर के मोबाइल नंबर 94661-32572 व 98127-19292 पर संपर्क किया जा सकता है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बूस्टिंग स्टेशन के ऑपरेटर इंचार्ज महेंद्र सिंह के मोबाइल नंबर 98026-00664, जय भगवान के मोबाइल नंबर 99922-81739, सतीश के मोबाइल नंबर 98125-39059 व रामविलास के मोबाइल नंबर 89887-73535 पर संपर्क किया जा सकता है।

## योजनाओं का बखान

# लोक शैली में भजन पार्टियां सरकारी योजनाओं का कर रही प्रचार: संजीव


**रोहतक।** गांव में सरकार का प्रचार करते भजन पार्टी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा जिला में शुरू किए विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत विभागीय सूचीबद्ध सांस्कृतिक व भजन पार्टियां शेड्यूल अनुसार जिला के सभी खंडों में पहुंचकर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार व्यापक ढंग से कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि प्रचार कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें स्वच्छता बनाए रखते हुए जल संरक्षण का संदेश देना है। कार्यक्रमों में पार्टियों ने गीत व रागनियों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में धारण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे अब अधिक जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेंगे। भजन मंडलियों ने आज गांव भगवतीपुर, चिड़ी, सांपला, गढ़ी-सांपला, गरनावठी, ककराना, रूडक्की, मुंगाण, माडौधी रागडान, माडौधी जाटान, सुंडाना, नगर के वार्ड नंबर 3, 4 व 8 तथा महम के वार्ड नंबर 4 व 5 में जाकर सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी अपने गीतों व रागणियों के माध्यम से दी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि यह विशेष प्रचार अभियान 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसके तहत ये सांस्कृतिक व भजन पार्टियां जिला के प्रत्येक गांव में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के हित में चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगी ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित न रहे सके।

#### जानकारी दी

संजीव कुमार ने बताया कि सरकार की आयुष्मान भारत चिरायु योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्वच्छ पेयजल योजना, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, लाडली योजना के साथ-साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, जल संरक्षण, पोषण अभियान, नशा मुक्ति अभियान के बारे में भी लोक शैली में जागरूक किया जा रहा है।


पूजा अर्चना करते उपा आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज।

#### गौकर्ण तीर्थ डेरा में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित

**रोहतक।** डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज, गौकर्ण तीर्थ में रविवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज ने खेतरी बीजी और माता रानी की अखंड ज्योत प्रज्वलित की। स्वामी कपिल पुरी महाराज ने भक्तों को कहा कि माता रानी अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे भक्ति भाव से मां की आराधना करें और जीवन में सकारात्मकता व सद्भाव बनाए रखें। सोमवार से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने डेरा परिसर में एकत्र होकर माता रानी के जयकारे लगाए और अखंड ज्योत प्रज्वलन में भागीदारी की। भक्तों का कहना था कि नवरात्र का यह पर्व उन्हें शक्ति, भक्ति और नए संकल्प के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

### राास्ता रोककर महिला पर हमला, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव बादली में रास्ता रोककर एक महिला पर हमला करने का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाली मां-बेटी सहित चार महिलाओं पर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। घायल की पहचान नीलम के रूप में हुई है। नीलम का कहना है कि पड़ोसी में रहने मां बेटी तथा दो अन्य महिलाएं अक्सर उसके साथ झगड़ती हैं। हाल ही में जब वह कहीं जा रही थी तो चारों ने रास्ता रोक लिया। कहने लगी कि तुमने गली में टंकी क्यों रखी है। इस पर मैंने कहा कि अभी हटा देती हैं लेकिन उन्होंने झगड़ा शुरू कर दिया। मारपीट करने लगी और कपड़े धोने वाले सोटे से मेरे सिर व हाथ पर वार किए।



**रोहतक।** विजेता छात्र को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

#### मॉडल स्कूल के आदिश ने तैराकी में जीता रजत पदक

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थी आदिश अहलावत ने राष्ट्रीय स्तर की सीबीएसई चैंपियनशिप में 17 वर्ष से नीचे कैटेगरी में 200 मीटर बटरफ्लाई तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर पूरे जिले का नाम रोशन किया। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल ने आदिश अहलावत की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने आदिश को विद्यालय का चमकता हुआ सितारा बताते हुए उसका स्वागत किया । शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष अजय हुड्डा ने बताया कि आदिश ने 17 से 21 सितंबर तक यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यालय का परचम लहराया।

# सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने चार सड़कों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने रविवार को हलका महम की चार सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंनेन बताया कि हलका महम की सभी सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। महम शहर के अंदर से बनाई जा रही सड़क पर 3 करोड़ 23 लाख की लागत आएगी। जबकि निंदाना गांव में बनाए जा रहे रोड पर 2 करोड़ 56 लाख रुपए और काठमंडी से बेरी रोड तक लगभग 32 लाख रुपए, गिरावड से अजायब रोड पर लगभग 1 करोड़ 55 लाख की लागत आएगी। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि हलका महम में सीएम नायब सिंह सैनी ने लगभग 29 सड़कें बनवाने की अनुशंसा की थी। ग्रामीणों सांसद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता महंत सतीश दास, पंचायत समिति महम के चेयरमैन नवनीत राठी, नगर पालिका उप प्रधान बसंत गिरधर, महम मंडल अध्यक्ष अमित जांगडा, सुरेश सैमाण, पूर्व चेयरमैन रामनिवास रोहिला, कविता खरकड़ा, रवि शंकर सोनी एडवोकेट, ईश्वर बहमनी, सतबीर राठी, अंग्रेज राठी, मंदीप शर्मा और लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जगजीत मलिक समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।


**महम।** सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

### जेजेपी ताऊ देवीलाल की जयंती पर करेगी हवन

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी की मीटिंग जिला कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा ने की। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि ताऊ देवीलाल पार्क नजदीक दिल्ली बाईपास में 25 सितंबर को सुबह 9 बजे ताऊ देवीलाल की जयंती पर हवन-यज्ञ किया जाएगा और ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर फूलमाला एवं पुष्प अर्पित किए जायेंगे। उसके बाद गोशाला में गायों को चारा एवं दवाईयां वितरित की जायेंगी। दोनों नेताओं ने बताया कि रोहतक जिले से 25 वरिष्ठ साथियों को, जो ताऊ देवीलाल के साथ संघर्ष के साथी रहे हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रवक्ता एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि मीटिंग में राजेश सैनी, कृष्ण घणघस, प्रवेश कंसाला, राजेश गुलिया, प्रवीण लाम्बा, रमेश मोखरा, रवींद्र बखेता, हरिकिशन खटक, डॉ देवेंद्र सिंह, खुशीराम प्रजापत, राजेंद्र पटवापुर, राजेश राठी, अमित सिंधु, अभिषेक देशवाल, विक्की सरपंच, प्रवीण भूटानी, मुन्ना सरपंच मदीना, भीम कुंडू, जगदीश किराड़, अशोक कुमार, सत्यवान, मंजीत, बंटी कुमार, रामकिशन, फूल मदीना, महादेव, निक्कू, अनुज, निशांत, अंकित, रोहित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र महिलाओं का किया जाए रजिस्ट्रेशन : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सभी पात्र महिलाओं का शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए। उपायुक्त रविवार को योजना के क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेशभर में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल एप्लीकेशन लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना 25 सितंबर 2025 से प्रदेश के सभी जिलों में लागू की जाएगी। डीसी ने बताया कि 25 सितंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, दीपक निवास हुड्डा व रेनू डाबला सहित अनेक गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। यह योजना जिला में प्रभावी रूप से लागू की जाएगी। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को प्रतिमाह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी, ताकि वे वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए योजना के क्रियान्वयन के लिए व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पात्र महिला लाभार्थियों का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

#### योजना की पात्रता और अपात्रता मानदंड



सचिन गुप्ता ने बताया कि 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' का लाभ लेने के लिए महिला की आयु आयु 23 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उसके परिवार की सत्यापित वार्षिक आय एक लाख से अधिक न हो। वह या उसका पति (यदि वह दूसरे राज्य से हरियाणा में शादी करके आई हो) हरियाणा का निवासी हो और आवेदन के समय पिछले 15 वर्षों से राज्य में रह रहा हो। एक ही परिवार में कई पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं, इसकी संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

#### रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत लाडो लक्ष्मी ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से निःशुल्क आवेदन किया जा सकता है। यह ऐप एंड्रॉइड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है। योजना का लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में वितरित किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, एक्टिव मोबाईल नंबर जो आधार से लिंक हो, परिवार सदस्यों की आधार आईडी, बिजली मीटर कनेक्शन नंबर, एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर यदि रजिस्ट्रेशन किया हुआ हो, परिवार के सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर तथा आवेदनकर्ता का स्वयं का बैंक खाता होना आवश्यक है।

## डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता से लगवाया गया पहला पौधा

# पौधों की बच्चों की तरह करें देखभाल : कुलपति

### सेवा पखवाड़ा के तहत पौधरोपण अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा की कड़ी में रविवार को पीजीआईएमएस कैंपस में 13जे के पास स्थित पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के तौर पर निदेशक डॉ. एसके सिंघल, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. सविता सिंघल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल और प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी उपस्थित हुए।

### पौधरोपण पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए बहुत जरूरी

उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि पौधे हमें ऑक्सीजन और हरियाली प्रदान करते हैं, इसलिए हमें इनकी बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए ताकि ये बडे होकर हमें अच्छी हवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि कैंपस को शहर में सबसे हरा भरा कैंपस बनाया जाए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पौधरोपण हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए बहुत जरूरी है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा महिलाओं के उत्थान के लिए मनाया जा रहा है इसलिए आज नवनियुक्त डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल से पहला पौधा लगवाया गया। उन्होंने बताया कि एक पौधा मां के नाम से अभियान चलाया गया था,उसी कड़ी में यह पौधरोपण किया गया। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधारोपण किया। डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि पौधारोपण के माध्यम से हम न केवल अपने आसपास की हवा को शुद्ध कर सकते हैं, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ वातावरण तैयार करने में मदद करेगा।


रोहतक। पौधरोपण करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल व डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता।

### अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास होता है और हम अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित होते हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है, बल्कि यह हमें प्रकृति के करीब भी लाता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे पौधरोपण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। डॉ. कुंदन ने कहा कि इस पौधारोपण अभियान से संस्थान ने एक बार फिर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय लगातार समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रयासरत है। पौधारोपण अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा और डॉ. उमेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दर्जनों पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पौधरोपण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. महेश माहला ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

■ पौधरोपण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

## खबर संक्षेप



### गोसेवा के लिए चलाया अभियान

**रोहतक।** श्राद्ध पक्ष की अमावस्या के पावन अवसर पर संस्कार कल्याण ट्रस्ट ने रोहतक, फतेहाबाद, जुलाना एवं गोहाना की विभिन्न गोशालाओं में विशेष गोसेवा कार्यक्रम आयोजित किया। ट्रस्ट के सदस्यों एवं सेवाभावी लोगों ने गोमाता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए बड़ी मात्रा में रोटियां एवं पूरी एकत्र कीं। केवल रोहतक गोशाला में ही लगभग 400 किलो रोटियां व पूरी गोसेवकों को भक्ति भाव से समर्पित की गईं। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा लोगों से विशेष अपील की गई कि गोमाता को रोटी-पूरी के स्थान पर फल एवं हरी सब्जियां खिलाने की परंपरा अपनाएं, जिससे उनका स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षित रह सके।

### श्री बालाजी धाम डोभ पहुंची 55वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन एवं 55वीं पैदल ध्वजा यात्रा का आयोजन हुआ। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि यह यात्रा प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मंडल तेज कॉलोनी एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे ध्वजा हाथों में लेकर जयकारों के साथ प्रारंभ होती है। यात्रा का शुभारंभ प्रधान ने ज्योत प्रज्वलित कर किया। जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस ने यात्रियों के लिए नाश्ता व फल का प्रबंध किया।

## देश-विदेश के नौ जोन से 300 टीमों और खाड़ी देशों की 30 टीमों ने लिया भाग

### पांच दिवसीय खेल महाकुंभ में देश-विदेश के 700 तैराकों की भागीदारी

# सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी में जैन हेरिटेज विजेता मार्डन व डीपीएस रही उपविजेता

▶▶ कुल 60 प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों- अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में आयोजित की गईं। हर मुकाबले में खिलाड़ियों की तकनीक, एकाग्रता और जज्बे ने दर्शकों को प्रभावित किया

### विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन रविवार को उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। 17 से 21 सितम्बर 2025 तक आयोजित यह प्रतियोगिता युवा प्रतिभा और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का पांच दिवसीय उत्सव रहा। इसमें देश-विदेश के नौ जोन से 300 टीमों के लगभग 700 तैराकों ने हिस्सा लिया। विशेष आकर्षण रहा विदेशी जोन, जिसमें खाड़ी देशों की 30 टीमों के 90 प्रतिभागियों ने भाग लेकर आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कुल 60 प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों- अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में आयोजित की गईं। हर मुकाबले में खिलाड़ियों की तकनीक, एकाग्रता और जज्बे ने दर्शकों को प्रभावित किया।


रोहतक। सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### तैराकी जैसे खेल धैर्य और साहस की मिसालः मलिक

आज समापन समारोह में विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक मुख्य अतिथि रहे। विजेताओं को मेडल पहनाकर उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता का पाठ पढ़ाते हैं। तैराकी जैसे खेल धैर्य और साहस की मिसाल हैं। उन्होंने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि परिसर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं की मेजबानी कर रहा है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को बड़ा मंच और प्रेरणा प्रदान करते हैं।

### सत्य स्कूल साउथ सिटी, गुरुग्राम के अर्जुन सिंह प्रथम

200 मीटर फ्री स्टाइल के अंडर-19 वर्ग में सत्य स्कूल साउथ सिटी, गुरुग्राम के अर्जुन सिंह प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल, नार्थ के सोहम मोंडल दूसरे तथा द ग्लोबल एज स्कूल, तमिलनाडू के धुलीपुडी वरशिष्ठ तीसरे नंबर पर रहे। अंडर-17 वर्ग में जैन हेरिटेज स्कूल, केंपापुरा के शरण एस प्रथम, बाल भारतीय स्कूल राजेन्द्र नगर, दिल्ली के युवराज सिंह दूसरे तथा प्रेजिडेंसी स्कूल कस्तूरी नगर के रक्षण पी तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-14 वर्ग में द लैंडमार्क स्कूल बिदाराहाल्ली के जस सिंह प्रथम, जैन हेरिटेज स्कूल केंपापुरा के श्रेयास सुनील दूसरे तथा द इंडियन हाई स्कूल, दुबई के जावेद मोहम्मद जिदान तीसरे नंबर पर रहे। चार गुणा पचास मीटर मेडले रिले में अंडर-11 वर्ग में द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर के आर्यामिहित पाहवा, प्रत्युलय ठाकुर, समाग्र सेठी व विहान प्रथम, दिल्ली प्राइवेट स्कूल, शारजाह के जोइल, जोनाथन सैम, शाह खान, व अबदुर रहमान दूसरे तथा राष्ट्रोत्थान विद्या केन्द्र के रोहिथ कुमार, विदारन एस, सोहन यादव, पुलेला, सत्या अनजाना वरदान व निखिल गोडवा तीसरे स्थान पर रहे।

### प्रतियोगिता के टॉप इंस्टीट्यूट

आयोजन सचिव मनोज हुड्डा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के टॉप इंस्टीट्यूट में 82 अंकों के साथ जैन हेरिटेज स्कूल केंपापुरा प्रथम तथा 66-68 अंकों के साथ मार्डन स्कूल बाराखंबा रोड, नई दिल्ली तथा डीपीएस नार्थ बैंगलोर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर रहे।

### बेस्ट तैराक

अंडर-11 वर्ग में सनशाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल चेन्नई के संजीत एस बेस्ट तैराक चुने गए। अंडर-14 वर्ग में लैंडमार्क स्कूल बिदाराहाल्ली के जस सिंह को बेस्ट तैराक का खिताब मिला। अंडर-17 वर्ग में जैन हेरिटेज स्कूल, केंपापुरा के शरण एस को बेस्ट तैराक चुना गया तथा अंडर-19 वर्ग में सत्य स्कूल साउथ सिटी, गुरुग्राम के अर्जुन सिंह को बेस्ट तैरार का खिताब मिला।

### आयोजन विवि और प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण

आयोजन सचिव मनोज हुड्डा ने प्रतियोगिता को टीमवर्क और खिलाड़ियों की मेहनत का नतीजा बताते हुए कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय और प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। डॉ. अंजू हुड्डा ने इस प्रतियोगिता की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीबीएसई ऑब्जर्वर जगदीप सिंह आहलूवालिया, टेक्निकल डेलीगेट सुरेश देसवाल, खेल निदेशक प्रो. शंकुतला बैनीवाल, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी, कैंपस स्कूल इंचार्ज विवेक कौशल, केएस राठी, डा. अंजू हुड्डा समेत आयोजन समिति व संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे। खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और टीम इंचार्जों की सक्रिय भागीदारी से प्रतियोगिता का उत्साह चरम पर रहा। आयोजन ने विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति और प्रतिभा संवद्र्धन की परंपरा को नई ऊंचाई प्रदान की।

### पांचवें दिन के परिणाम

आयोजन सचिव मनोज हुड्डा ने बताया कि पांचवें दिन के परिणामों में 50 मीटर बटर फ्लाई अंडर-11 वर्ग में दिल्ली प्राइवेट स्कूल, शारजाह के जोइल जोनाथन सैम प्रथम, लिटिल फ्लावर स्कूल के जयादित्या रॉय दूसरे तथा द मिलेनियम स्कूल, दुबई के आदित्य तीसरे नंबर पर रहे। अंडर-14 वर्ग में एयर फोस स्कूल जलाहाल्ली के व्यास विजय प्रथम, डीएमएस मंडल्स ज्योति स्कूल बेलागवी के वेदांत मिसाले दूसरे तथा शरणालय इंटरनेशनल मोंटेसरी स्कूल, कोएंबटूर के मिथुन ए तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 17 में जिसस सैकर्ड हार्ट स्कूल, लुधियानी के ओजस सुंड प्रथम, मार्डन स्कूल बाराखंबा रोड, नई दिल्ली के अर्नव त्यागी दूसरे तथा ब्राइट स्कालर स्कूल, सोनीपत के आर्यनवीर खत्री तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 19 वर्ग में सीएस एकेडमी, तमिलनाडू के हरिथारन टी जे प्रथम, स्टेप बॉय स्टेप स्कूल, जीबी नगर के वेदांत चंद्रा दूसरे तथा खैतान पब्लिक स्कूल, गाजीयाबाद के ओम त्यागी तीसरे नंबर पर रहे।


रोहतक। सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक। फोटो : हरिभूमि



## कोर्ट परिसर में रोटरी क्लब हेरिटेज ने लगाया वाटर कूलर, राहगीरों को मिलेगी राहत

**रोहतक।** कोर्ट परिसर में रोटरी क्लब हेरिटेज के सौजन्य से एक वाटर कूलर लगाया गया। गर्मी के मौसम में राहगीरों और कोर्ट आने वाले लोगों को शुद्ध व ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। क्लब के प्रधान डॉ. राजीव धमीजा ने बताया कि रोटरी क्लब हर महीने ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जहां लोगों को इसकी अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जैसे पुराने समय में छबीलें लगाकर लोगों की प्यास बुझाई जाती थी, उसी परंपरा को आधुनिक रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे। विशेष रूप से क्लब अध्यक्ष डॉ. राजीव धमीजा, संजय खुराना, रमन जैन, शेखर बत्रा, संजय दुआ, संजीव धमीजा, संदीप जैन, रवि गंभीर, हरीश भूटानी, मुकेश गेरा, संगीता गेरा, रीटा धमीजा, ललिता बत्रा,एडवोकेट सरदार जोगिंदर धमीजा ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्थानीय लोगों ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया और आशा जताई कि ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर चलते रहेंगे।

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जीसटी सुधार एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगाः डॉ अशोक

**रोहतक।** 22 सितम्बर से लागू हो रहे नए सुधार देश की वर्तमान जरुरतों और भविष्य के सपनों को देखते हुए लागू किए जा रहे हैं जो नए भारत की विकास यात्रा को नई गति देने का काम करेगा। भाजपा नेता और जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि नेक्स्ट जनरेशन रिफार्म कारोबार को और आसान बनाएगा तथा हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी का सहयोगी बनाएगा वहीं इन सुधारों से राज्यों की शंका का निवारण और समाधान भी होगा। डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि नए सुधारीकरण के कारण देश के स्वदेशी उत्पाद अपनाने के मंत्र को ताकत मिलेगी जो देश की समृद्धि को शक्ति प्रदान करेगा। 22 सितम्बर को लागू हो रहे नए गुड्स एंड सर्विस टैक्स की दरों की वजह से भारतीय कम्पनियों की कमाई भी बढ़ेगी तथा नए नियम कम्पनियों में मुनाफाखोरी को भी नियंत्रित करेंगे तथा यह कटोती देश में वस्तुओं की खपत को बढ़ावा देगी जो कारपोरेट रेवेन्यू में बढ़ोतरी करेगा। त्योहारों और शादी के सीजन में सरकार की यह पहल एक सहरानीय कदम है।



## जाट सभा ने तीन काम करवाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की

**रोहतक।** जाट सभा धर्मशाला के काम करवाने के लिए रविवार को एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। गठन, सभा प्रधान जयवीर सिंह ढुल की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में सर्वसम्मति से किया। रणबीर सिंह नांदल, सतबीर छिकारा, रविंद्र श्योराण, मोहिंदर प्रताप गुलिया और राकेश नांदल कमेटी में शामिल हैं। कमेटी कमरों की मरम्मत व रंग-रोगन, खराब हो रहे लाल पत्थर का ट्रीटमेंट तथा गेट के बाहर चैन लगवाएगी। सभा प्रधान जयवीर सिंह ढुल ने कहा कि कमेटी का गठन कामों में पारदर्शिता के लिए किया गया है। समाज का पैसा पूरी ईमानदारी से खर्च हो, ये वर्तमान कार्यकारिणी का ध्येय है। ढुल ने कहा कि सभा के एक-एक पैसे का हिसाब हर रोज सभा के वाटसअप ग्रुप में डाल दिया जाता है। ताकि लोगों को ये मालूम हो कि पैसा कहां खर्च किया गया है। कमेटी गठन के लिए आयोजित बैठक में प्रधान जयवीर सिंह ढुल के अतिरिक्त सह सचिव डॉ. नरेंद्र सिंह अहलावत,कोषाध्यक्ष मोहिंदर प्रताप गुलिया, श्रीकृष्ण हुड्डा, दीपक कुमार खत्री, वजीर सिंह श्योराण, जयपाल मलिक, सतबीर छिकारा, सेवा सिंह हुड्डा, रविंद्र श्योराण, राकेश नांदल और सुरेंद्र सिंह लौरा मौजूद रहे।

### बाइक रैली निकाली

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन विकास एवं महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयन्ती पर झज्जर रोड पर स्थित वैश्य कन्या कालेज व अप्रोच रोड पर दो दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंति समारोह के पहले दिन अग्रसेन युवाओं द्वारा बाईक रैली, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। समारोह में अग्रवाल बंधुओं व महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे अग्रवाल युवाओं ने भारी संख्या में शहर में बाईक रैली निकाली। बाईक रैली के समाज सेवीं उद्योगपति राजेश जैन व संस्था के प्रधान सुशील गुप्ता, लोकेश जैन एवं सभी सदस्यों द्वारा धर्म की झण्डी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। बाईक रैली झज्जर रोड से शुरू होकर अप्रोच रोड, रेलवे रोड, भिवानी स्टेंड, दुर्गा भवन मंदिर, गुरुद्वारा होते हुए श्री राम धर्मशाला में संपन्न हुई। झज्जर रोड पर स्थित वैश्य कन्या कालेज के बाहर भण्डारा व हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि हेल्थ विव के डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डा. सुरेश सिंघल, पूर्व प्रधान रोटरी क्लब के संदीप गर्ग, समाज सेवीं उद्योगपति राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा नेता अजय बंसल, समाज सेवी उद्योगपति सुरेश बंसल व संस्था के प्रधान सुशील गुप्ता, लोकेश जैन मौजूद रहे।


रोहतक। बाइक रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते उद्योगपति राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि



## रामा आश्रम में तीन दिवसीय सालाना महान यज्ञ का सफल आयोजन

**रोहतक।** रामा आश्रम, श्रीनगर कालोनी में महन्त बाबा चन्द्रभान के आशीर्वाद तथा गद्दीनशीन सतगुरूदेव महन्त अशोक दास की अध्यक्षता में 19 से 21 सितम्बर तक तीन दिवसीय सालाना महान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री अखण्ड पाठ साहिब के आरम्भ से हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु व शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। रविवार को श्री अखण्ड पाठ की पूर्णाहुति के साथ समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक भारत सहगल व गुलशन खुराना ने अपनी मधुर वाणी से उपस्थित साध-संगत को भाव-विभोर कर दिया। मंच संचालन सुभाष अनुराग ने किया। वहीं बाल व्यास आयुष ने संगीतमय हरिनाम संकीर्तन से श्रद्धालुओं को हरिनाम उच्चारण करवाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गद्दीनशीन सतगुरूदेव महन्त अशोक दास ने अपने आशीर्वचन में गुरु महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि 'गुरु के बिना ईश्वर की प्राप्ति सम्भव नहीं। शिष्य के अज्ञान को जो अपने ज्ञान से दूर करे, वही सच्चा गुरु है।' इस पावन अवसर पर डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी से महामण्डलेश्वर बाबा कमल पुरी महाराज, डेरा बाबा बालक पुरी से महन्त कर्णपुरी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें भारत भूषण बत्तरा (विधायक), मनमोहन गोयल (पूर्व मेयर), रमेश भाटिया, समाजसेवी सतपाल अरोड़ा, हन्नी ग्रोवर आदि विशेष रूप से शामिल हुए।

### टेलेंट हंट प्रतियोगिता में कॉलेज विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# छात्रा मोनिका ने बनाई सबसे सुंदर रंगोली

गवर्नमेंट कॉलेज महम में दो दिन तक चली प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

राजकीय महाविद्यालय महम में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, रंगोली व पोस्टर मेकिंग, समूह नृत्य और एकल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष से अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीए प्रथम वर्ष की नेहा दूसरे और इसी कक्षा की निशु तीसरे स्थान पर रही। कविता पाठ मुकाबले में बीए प्रथम वर्ष की सोनिया ने पहला, बीए तृतीय वर्ष की प्रोमिला ने दूसरा और बीए तृतीय वर्ष की अनुज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका सबसे सुंदर रंगोली बनाकर प्रथम स्थान पर रही। जबकि बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





महम। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन करते प्रिंसिपल व प्राध्यापक व गायन प्रतियोगिता में भाग लेती राजकीय महाविद्यालय महम की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

*ये रहे विजेताः* रंगोली में बीए द्वितीय वर्ष की मोनी और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा संजली तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष से अनुज ने पहला, बीए तृतीय वर्ष से संजीत ने दूसरा और बीए प्रथम वर्ष से आकाश देव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में मोनी व उनके ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि काजल, ममता, नेहा और निधि का ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। एकल नृत्य प्रतियोगिता में मोनी व रिया पहले स्थान पर रही। जबकि बीए द्वितीय वर्ष की मिनाक्षी दूसरे और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा समीक्षा तीसरे स्थान पर रही।

### प्रतियोगिता में भाग लेना ही असली जीत

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पुष्पा ने बताया कि प्रतिभा खोज छात्रों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर देती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही असली जीत है। समापन समारोह में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मंच से यह संदेश भी दिया गया कि कला और संस्कृति के प्रति विद्यार्थियों की रुचि समाज को नई दिशा देने में सहायक होगी। महाविद्यालय के शिक्षकों ने विजेता और प्रतिभागी सभी छात्रों को बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ ICU Staff 6
❖ PRO/Marketing Executive 6
❖ MRI Technician 2
❖ Computer Operator (Male) 2
❖ Computer Operator (Female) 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- पहले दिन रामलीला का होगा मंचन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की बैठक।

## खबर संक्षेप

### तीन मजदूरों पर गिरा तारकोल

**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 344 सोनीपत झज्जर पर भैंसरु कला के पास टूटी सड़क पर पेंच वर्क चल रहा है। रविवार को खंड के गांव भैंसरु कला के पास कंपनी द्वारा मार्ग पर पेंच वर्क किया जा रहा था। तारकोल डालने की मशीन चल रही थी और मजदूर पीछे काम कर रहे थे। एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्राले ने मशीन में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मशीन का तेल काम करने वाले मजदूरों पर गिर गया। तभी हंगामा मच गया। तुरंत तीनों मजदूरों को रोहतक पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

### सहायक उपकरण वितरित किए गए

**रोहतक।** जिला प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी, एलिम्को (भारत सरकार) के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर रहे हैं। आज गांधी कुष्ठ आश्रम (संजय कॉलोनी) में उपायुक्त सचिन गुप्ता और आयकर उपायुक्त हिना सुखना द्वारा व्हीलचेयर, कमोड चेयर, घुटने के बेल्ट और कमर बेल्ट जैसे उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर सुखना ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है और समाज को उनकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत के समय सहायता प्रदान करनी चाहिए। उपायुक्त ने आश्रम के निवासियों से भी बातचीत की।

### देश में हर तीसरा आदमी फैटी लिवर से पीड़ित

**रोहतक।** जिस तरह हमारा लाइफ स्टाइल बदल रहा है हमारा युवा जंक फूड की तरफ बढ़ रहा है और इसका अधिक सेवन हमारे लीवर के लिए घातक साबित हो रहा है। समय रहते हमें इसके लिए सचेत होना होगा नहीं तो भविष्य में फैटी लिवर लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या बन सकता है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वें रविवार को सुश्रुत सभागार में मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय सीएमई में मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने संबोधित किया।

**मिलेगी राहत:** नगर निगम की सेक्टर वासियों को बड़ी सौगात

# सेक्टरों की सड़कों की मरम्मत पर 530.27 लाख होंगे खर्च

## मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत तीन प्रमुख सड़क को मिली मंजूरी

*निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि सड़कें दुरुस्त करना निगम की प्राथमिकता है। परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। इससे यातायात सुगम होगा।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम ने शहरवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। शहर की कई क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने के लिए कुल 530.27 लाख रुपये की परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद रोहतक के प्रमुख सेक्टरों में यातायात सुगमता बढ़ेगी और शहर का सौंदर्य भी बढ़ेगा। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि यह परियोजना नगर निगम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन सड़कों की मरम्मत से नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी और शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने में मदद मिलेगी। नगर निगम ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत तीन प्रमुख सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मुख्य रूप से क्षतिग्रस्त सड़कों को पुन कार्पेटिंग करना है ताकि शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात सुविधा मिल सके।



फोटो : फाइल

### जल्द ही अन्य वार्डों में भी सुविधाओं के लिए जारी होगी राशि



मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि निगम द्वारा जल्द ही अन्य वार्डों के लिए भी समस्याओं के समाधान के लिए स्वीकृति मिलेगी। जहां भी सड़कें खराब होंगी उनको जल्द से जल्द ठीक करवाया जाएगा। ताकि आमजन को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

### इन सड़कों का इतनी लागत से होगा निर्माण

सेक्टर–2 वार्ड-11 यहां की क्षतिग्रस्त सड़कों का पुन कार्पेटिंग कार्य 205.46 लाख की लागत से किया जाएगा। सेक्टर 1 एवं सेक्टर–14, वार्ड-11 इन क्षेत्रों में सड़क पुन कार्पेटिंग के लिए 170.51 लाख की राशि व्यय होगी। सेक्टर–2 एवं 3पी, वार्ड-12 इन सेक्टरों की क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने के लिए 154.30 लाख का खर्च आएगा।

### सड़के दुरुस्त करना निगम की प्राथमिकता: शर्मा

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि सड़कें दुरुस्त करना निगम की प्राथमिकता है। परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. शर्मा ने यह भी कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल लोगों को यातायात की सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर के सौंदर्य और स्वच्छता में भी सुधार आएगा। शहर के नागरिकों को भी परियोजनाओं के दौरान सहयोग की अपील की गई है। नगर निगम ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे निर्माण कार्य के दौरान धैर्य बनाए रखें और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इससे रोहतक को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने में मदद मिलेगी।

### शहरवासियों को इसका मिलेगा सीधा लाभ

इन सड़क परियोजनाओं के पूरा होने से शहरवासियों को कई लाभ मिलेंगे। सबसे पहले यातायात सुगमता में सुधार होगा। क्षतिग्रस्त सड़कें दुरुस्त होने से वाहन चालकों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए आवागमन आसान और सुरक्षित होगा। इसके अलावा सड़क मरम्मत से शहर का सौंदर्य भी बढ़ेगा। शहर की सड़कें सुव्यवस्थित और साफ-सुथरी दिखेंगी, जिससे रोहतक का आम नागरिक भी लाभान्वित होगा।

### आधारभूत संरचना होगी मजबूत

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि नगर निगम लगातार शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से ही रोहतक को एक आदर्श शहरी केंद्र बनाया जा सकता है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद रोहतक के विभिन्न सेक्टरों में यातायात प्रणाली अधिक व्यवस्थित होगी। सड़कें दुरुस्त होने से स्थानीय लोगों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और शहर के आगंतुकों सभी को लाभ मिलेगा।

## शोधकर्ता, खिलाड़ी और मॉडल निआ ने एमडीयू की लाइब्रेरी को दी अपनी पुस्तक

### निआ शर्मा का शोधपत्र द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंग्लिश लिटरेचर एंड सोशल साइंसेज़ में प्रकाशित हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की लाइब्रेरी को हाल ही में एक विशेष सौगात मिली है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित शोधपत्र की लेखिका, खिलाड़ी और मॉडल निआ शर्मा ने अपनी पुस्तक यहां भेंट की है, ताकि विद्यार्थी इसे पढ़कर प्रेरणा ले सकें। एमडीयू के सहायक लाइब्रेरियन बलविंद्र सिंह को यह पुस्तक सौंपी गई है। निआ शर्मा का शोधपत्र सोशल एक्सपेक्टेशंस एंड स्टिग्माज़ अनवीलिंग द जेंडर्ड फेस ऑफ डिस्क्रिमिनेशन बेस्ड ऑन ट्रू इवेंट्स ऑफ लाइफ प्रतिष्ठित द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंग्लिश लिटरेचर एंड सोशल साइंसेज़ में प्रकाशित हुआ है। एमडीयू की लाइब्रेरी में पुस्तक दान करते हुए निआ ने कहा कि उनकी इच्छा है कि छात्र-छात्राएं इसे पढ़ें और समाज में मौजूद भेदभाव को समझकर बदलाव की दिशा में योगदान दें। इस शोधपत्र के सह-लेखक अर्णव फोगाट भी हैं। इसमें जीवन की सच्ची घटनाओं के आधार पर सामाजिक अपेक्षाओं और लैंगिक भेदभाव के मुद्दों को उजागर किया गया है। निआ ऑल इंडिया रेडियो में आधिकारिक रेडियो जॉकी हैं। खेलों में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है वह टेबल टेनिस की राज्य स्तरीय खिलाड़ी और 10 मीटर एयर पिस्टल की राज्य स्तरीय शूटर रह चुकी हैं। इसके अलावा, निया एआईएएससी की सिटिजन साइंटिस्ट और अमेज़न मॉडल भी हैं।

### 28 सितंबर को होगा सहकारी एवं निजी बस संचालकों के संगठन का राज्य चुनाव

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश के सहकारी एवं निजी बस संचालकों के संगठन का राज्य प्रधान व राज्य कार्यकारिणी का चुनाव आगामी 28 सितंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। चुनाव सुबह 11 बजे सेक्टर-5 स्थित कम्युनिटी सेंटर में होगा। इस चुनाव में प्रदेशभर के सभी जिलों के प्रधान और बस संचालक भाग लेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है। पदाधिकारियों का कहना है कि यह चुनाव संगठन को योग्य और सक्षम नेतृत्व देने का अवसर है, इसलिए सभी का सहयोग आवश्यक है। साथ ही पूर्व राज्य प्रधानों से भी विशेष आग्रह किया गया है कि वे इस अवसर पर पूर्ण विवरण सहित रिकॉर्ड लेकर उपस्थित हों, ताकि नवनियुक्त राज्य प्रधान को विधिवत कार्यभार सौंपा जा सके। पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रक्रिया से पूर्व पदाधिकारी सम्मानपूर्वक कार्यभार से मुक्त होंगे और नए नेतृत्व को संगठन की जिम्मेदारी सौंप सकेंगे।



**भारतीय युवाओं पर ट्रम्प की एक और करारी चोट**

### एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाने से भारतीय युवाओं के हितों पर होगा विपरीत असर: दीपेंद्र

**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा रविवार को कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार देश में युवाओं को रोजगार दे नहीं रही, पढ़-लिखकर युवाओं ने विदेशों में रोजगार हासिल करने का सपना देखा तो वो अब बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के चलते चूर-चूर हो गया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा की आवेदन फीस 1000 डॉलर से बढ़ाकर 100000 डॉलर (भारतीय रुपये में 88 लाख) किये जाने पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इसका सबसे ज्यादा नुकसान न केवल भारतीय युवाओं को होगा बल्कि इसका विपरीत असर भारत के आर्थिक हितों पर भी पड़ेगा। भारतीय युवाओं को हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजने वाले ट्रम्प की एक और करारी चोट से भारतीयों के लिए वहां काम करने के अवसर न के बराबर हो जाएंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार की गलत नीतियों से देश ही नहीं विदेशों में भी नौकरियां जाएंगी। दीपेन्द्र हुड्डा ने बीजेपी सरकार की चुप्पी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि सरकार तुरंत अपनी स्थिति स्पष्ट करे और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत कर भारतीय कर्मचारियों और कंपनियों के हितों की रक्षा करे।

- बीजेपी सरकार की गलत नीतियों से विदेशों में भी नौकरियां जाएंगी

**एमडीयू: एम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न**

### सफलता डिग्रियों से नहीं, बेहतर संवाद कौशल और क्षमता से होती है तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के सहयोग से आयोजित एम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न हो गया। यह प्रोग्राम महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम (नांदी फाउंडेशन) द्वारा संचालित किया गया। समापन अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफलता केवल डिग्रियों से नहीं, बल्कि बेहतर संवाद, जीवन कौशल और प्रस्तुतीकरण क्षमता से तय होती है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और संसाधन व्यक्ति विनीत मेहता के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। रिसोर्स पर्सन विनीत मेहता ने ट्रेनिंग प्रोग्राम के अनुभव साझा किये। सीसीपीसी की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हन ने बताया कि यह लगातार तीसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो विश्वविद्यालय की दूरदृष्टि और विद्यार्थियों को उद्योग-उन्मुख बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



**महम की प्रजापति धर्मशाला में सीटू का जिला स्तरीय सम्मेलन**

## सीटू नेताओं ने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करने की मांग की



**महम।** सीटू के जिला स्तरीय सम्मेलन के दौरान मंच पर मौजूद सीटू नेता एवं सम्मेलन में भाग लेते सीटू कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

प्रजापति धर्मशाला महम में सीटू का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान सीटू नेताओं ने सरकार से 30 हजार रुपए न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग की। सम्मेलन की अध्यक्षता कमलेश, रामचंद्र, सतबीर पाकस्मा, बबीता, रामभगत के पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की। सम्मेलन में जिले भर से अलग-अलग यूनियनों से 125 प्रतिनिधि पहुंचे। जिला सचिव कामरेड विनोद ने 3 सालों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीटू नेताओं ने कहा कि न्यूनतम वेतन 30000 रुपए घोषित करने की मांग को लेकर 28 सितंबर से 5 अक्टूबर तक सीटू नेता मजदूरों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएंगे।

### 15 वां सम्मेलन था

महम में आयोजित किया गया सीटू का यह सम्मेलन जिले का 15 वां सम्मेलन था। इस दौरान 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।। जिसमें प्रकाशचंद्र को प्रधान, कमलेश लाहली को कोषाध्यक्ष व कामरेड विनोद को सचिव बनाया गया। जिला कोषाध्यक्ष धर्मवीर हुड्डा ने वित्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। बहस के बाद दोनों रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रांतीय उपप्रधान सतबीर सिंह ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार चार लेबर कोड थोपने के माध्यम से मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलना की रणनीति बना रही है। वहीं चंद कॉर्पोरेट घरानों के लिए देश का खजाना सब्सिडी के माध्यम से लुटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तासीन भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर मजदूरों के कल्याण के लिए बने बोर्ड के पैसे का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए कर रही है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन 30000रुपये घोषित करने के लिए आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**मौसम** साल 2024 में सामान्य से 22 प्रतिशत कम बरसा था पानी, अबकि बार मचा दी तबाही

# 38 प्रतिशत अधिक बरस कर मानसून अलविदा इस बार गत वर्ष से 13 दिन पहले हुई वापसी

### 24 घंटे में अधिकतम पारा में 0.6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

जिले में चहुंओर तबाही मचाने के बाद शनिवार 20 सितंबर को मानसून अलविदा हो गया। साल 2024 से 13 दिन पहले विदाई हुई है। गत वर्ष 2 अक्टूबर को वापसी थी। शनिवार को रोहतक का अधिकतम तापमान 33.9 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि रविवार को दिन का पारा 34.5 और रात का 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। 24 घंटे में अधिकतम पारा में 0.6 की बढ़ोतरी हुई। जबकि न्यूनतम 1.6 डिग्री कम हुआ। बरसात का मौसम खत्म होने के बाद अब तापमान में थोड़ी सी बढ़ोतरी होगी। ये पूर्वानुमान आईएमडी चंडीगढ़ ने जारी किया है। मानसून को लेकर जारी आंकड़ों में आईएमडी ने बताया है कि रोहतक जिले में इस बार 452.5 के मुकाबले 626.6 मिलीमीटर बरसात हुई। जोकि सामान्य से 38 प्रतिशत अधिक है। राज्य का एवरेज भी 38 प्रतिशत ज्यादा का है।

| महीना | रोहतक | महम | सांपला | कलानौर | लाखनमाजरा |
|---|---|---|---|---|---|
| जून | 51 एमएम | 75 | 36 | 78 | 22 |
| जुलाई | 321 | 420 | 198 | 341 | 141 |
| अगस्त | 318 | 169 | 242 | 186 | 108 |
| कुल | 690 | 664 | 476 | 605 | 271 |

*नोट: सितंबर का डाटा एक अक्टूबर को जारी होगा*



### महम और रोहतक में ज्यादा तबाही मचायी

23-24 जून को प्रदेश में मानसून की आवक हो गई थी। इसके बाद मानसून सक्रियता बढ़ी तो तबाही मचाकर रख दी। महम खंड में जुलाई में रिकॉर्ड तोड़ 420 बरसात दर्ज की गई। चारों तरफ खंड एरिया में पानी ही पानी जमा हो गया। जिन किसानों ने धान की रोपाई की थी, फसल खराब हो गई। गन्ना, कपास, ज्वार-बाजरा समेत दूसरी फसलें भी पानी को नहीं झेल पाई। अगस्त में बरसात ने रोहतक ब्लॉक में कहर बरपाया। पूरे महीने में 318 एमएम पानी बरसा। जबकि महम में 169 मिलीमीटर बारिश अगस्त में हुई। चूंकि महम ब्लॉक जुलाई में ही डूब गया था। ऐसे में 169 एमएम भी किसान झेल नहीं पाए। अभी तक खंड के अनेक गांवों में जलभराव है। जबकि बरसात रुके हुए अब 14-15 दिन हो चुके हैं।

### किसानों को कम से कम लागत खर्च तो दे सरकार



किसानों को मुआवजा अधिकतम 15 हजार रुपये प्रति एकड़ सरकार देगी। धान पर असली खर्च प्रति एकड़ 55-60 हजार, बाजरा पर 30-35 , कपास पर 40-45, ग्वार पर 25 से 30, ज्वार पर 30-35, मूंग पर 22-27 हजार रुपये खर्च किसान को करना पड़ता है। सरकार मुआवजे के तौर पर किसानों को उनका लागत खर्च मुआवजे के तौर पर लौटाना चाहिए। ताकि लगातार डांवाडोल हो रहे किसानों को आंशिक राहत मिले।

**-डॉ. विनय महला**, सहायक प्रोफेसर, कृषि अर्थशास्त्र विभाग चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार

### फसल नुकसान का सत्यापन शुरू

गत एक जून से लेकर आज मानसून की विदाई तक प्रदेश में औसतन 573 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि सामान्य आंकड़ा 416.2 एमएम का था। सामान्य से ज्यादा बरसात हुई तो फसलों में तबाही हो गई। सरकार ने निर्णय लिया कि किसान अपने नुकसान को पोर्टल पर खुद दर्ज करें। ताकि जो मदद संभव होगी, वह की जा सके। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जिले के 144 गांव के 19586 किसानों ने पोर्टल पर जानकारी दी है कि उनके यहां 123512 एकड़ में फसल खराब हुई हैं। प्रशासनिक टीम किसानों द्वारा दर्ज की गई जानकारी की अब फिजिकल वेरीफिकेशन कर रही हैं। 23747 एकड़ का सत्यापन पटवारी कर चुके हैं।

### साइबर अपराधियों से सावधान, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**रोहतक।** पुलिस विभाग ने साइबर अपराध और फर्जी कस्टमर केयर नंबरो से सतर्क रहने को लेकर आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें नागरिकों से अपील की गई है कि ऑनलाइन ऐप पर सर्च करते समय सावधानी बरतें और रिजल्ट में सबसे ऊपर दिख रही वेबसाइट को ही सही न मानें। यदि किसी लिंक के साथ विज्ञापन लिखा हो तो उस पर क्लिक करने से परहेज करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी वेबसाइट के अंत में .gov.in या .nic.in जरूर होता है। साथ ही किसी भी साइट को खोलते समय यह जांचना जरूरी है कि वह सुरक्षित (सिक्योर) है या नहीं। गूगल मैप्स के रिजल्ट पर भी बिना जांच भरोसा न करें क्योंकि इन्हें कोई भी एडिट कर सकता है। सोशल मीडिया पर भरोसा करते समय ट्विटर और फेसबुक अकाउंट्स का ब्लू टिक अवश्य चेक करने की सलाह दी गई है। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह के लालच, सस्ते लोन या अन्य ऑफर के बहाने ठगी करने वाले अपराधियों से सतर्क रहें। एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, पिन, नेटबैंकिंग पासवर्ड और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।